बड़े सपने साकार करने के लिए सख्त परिश्रम करें युवाः उपराष्ट्रपति

Publish Date:Sun, 25 Mar 2018 09:03 PM (IST)

उपराष्ट्रपति वैंकेया नायडू ने भारतीय प्रबंधन संस्थान सुनारिया में आयोजित सातवें दीक्षांत समारोह में बच्चों को डिग्री दी। इस दौरान उन्होंने युवाओं को कड़ी मेहनत करने का पाठ पढ़ाया।

जेएनएन, रोहतक। उपराष्ट्रपति वैंकेया नायडू ने कहा कि युवाओं को जीवन में ऊंचे इरादों के साथ बड़े सपने साकार करने के लिए सख्त परिश्रम करना चाहिए, तभी वे बुलंदियों को छू सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज और देश को नेतृत्व देने के लिए उच्च विचारों के साथ कार्य करेंगे तो सफलता उनके कदमों की ओर अग्रसर होगी।

उपराष्ट्रपति भारतीय प्रबंधन संस्थान सुनारिया में आयोजित सातवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 155 स्नात्तकोत्तर विद्यार्थियों को डिग्री वितरित की। इसके अलावा तीन विद्यार्थियों को डाक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्होंने आईआईएम के भवन का भी लोकार्पण किया।

लगभग 200 एकड़ में बने इस आइआइएम पर अब तक 215 करोड़ रूपये की राशि खर्च की जा चुकी है। केंद्र सरकार द्वारा 309 करोड़ रूपये के बजट का प्रावधान किया गया है। उत्तर भारत का यह पहला प्रबंधन संस्थान है, जहां विद्यार्थियों को प्रबंधन के विषय में स्नातक व स्नातकोत्तर को डिग्रियां प्रदान की जा रही हैं।